# SHIKSHA CLASSES

**विषय : हिंदी 'ब'** **कुल अंक : ८०**

**कक्षा : १०(CBSE)** **Pre. Question Paper - 01** **समय : ३ घंटे**

| | **खंड - 'अ' (वस्तुपूरक प्रश्न)** | **अंक** |
|---|---|---|
| **प्र.१:** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए ।** | **१×५=५** |
| | सामान्य पत्र-पत्रिकाओं से विद्यालय-पत्रिका की रूपरेखा कुछ भिन्न होती है । इसमें प्रकाशित होने वाली सामग्री की रचना मुख्यत: विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा ही की जाती है । अध्यापकों की कुछ रचनाएँ भी होती है । सम्पादक-मंडल द्वारा सम्पादकीय में पत्रिका के उद्देश्य तथा सामग्री से संबंधित विशिष्टताओं पर प्रकाश डाला जाता है । प्रबंध-समिति के सचिव अथवा प्रधानाचार्य की ओर से अपने प्रकाशित वक्तृत्व में विद्यालय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के संदर्भ में वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला जाता है । इसी लेख में भावी योजनाओं तथा, आवश्यकता हुई तो, अपनी सीमाओं की चर्चा करते हुए जन-सहयोग की कामना प्रकट की जाती है । प्रधानाचार्य अपने लेख में विद्यालय की शिक्षागत विशिष्टताओं की चर्चा करते हुए जहाँ एक ओर अध्यापक-बंधुओं तथा छात्रों के प्रति प्रेरणाप्रद शुभकामनाएँ व्यक्त करते हैं । वहीं दूसरी ओर विद्यालय के अभिभावकों, हितैषियों तथा स्थानीय जनों के सहयोगार्थ उनके प्रति आभार ज्ञापित करते हैं । पत्रिका के अन्य स्तंभों में विभिन्न विषयों पर लेख, संस्मरण, रिपोर्ताज, कहानियाँ, कविताएँ, एकांकी नाटक, लघु कथाएँ, हास्य-व्यंग्य भरे चुटकुले, सूक्तियाँ तथा शिक्षा-जगत के विशिष्ट समाचार एवं सूचनाएँ प्रकाशित की जाती है । विद्यालय की उपलब्धियों पर सचित्र लेख भी छापे जाते हैं । | |
| १) | विद्यालय-पत्रिका की सामग्री अन्य पत्र-पत्रिकाओं से भिन्न होती है, क्योंकि<br>क) प्राचार्य द्वारा रचित होती है ।<br>ख) प्राचार्य और अध्यापकों द्वारा रचित होती है ।<br>ग) छात्र-छात्राओं द्वारा रचित होती है ।<br>घ) अध्यापकों की होती है । | १ |
| २) | विद्यालय-पत्रिका की सामग्री का विषय नहीं होगा ।<br>क) शिक्षा-जगत के समाचार । ख) विद्यालय की उपलब्धियाँ ।<br>ग) शेयरों का उतार-चढ़ाव। घ) साहित्यिक रचनाएँ । | १ |
| | | |

SHIKSHA CLASSES, BHANDARA

| | | |
|---|---|---|
| ३) | प्रधानाचार्य अपने लेख में चर्चा करते हैं ------<br>क) प्रबंध-समिति के कार्यों की । ख) अध्यापकों की कमियों की ।<br>ग) विद्यार्थियों और अभिभावकों की । घ) शिक्षागत विशिष्टताओं की । | १ |
| ४) | गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा ------<br>क) वार्षिक पत्रिका । ख) वार्षिक प्रगति-पत्रिका ।<br>ग) विद्यालय का सूचना-पत्र । घ) विद्यालय-पत्रिका । | १ |
| ५) | निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।<br>**कथन(A) :** सामान्य पत्र-पत्रिकाओं से विद्यालय-पत्रिका की रूपरेखा कुछ भिन्न होती है ।<br>**कारण (R) :** इसमें प्रकाशित होनेवाली रचना मुख्यत: अध्यापकों द्वारा की जाती है ।<br>क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है ।<br>ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है ।<br>ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है ।<br>घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है । | १ |
| **प्र. २** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए ।** | **५ × १=५** |
| | शहरी जीवन में समस्याएँ आए दिन पैदा होती रहती है जिनका शीघ्र समाधान न ढूँढा जाए तो समाज में असुरक्षा तथा अन्याय-अनाचार की भावना प्रबल होती जाएगी । अत: पारिवारिक अदालतों की स्थापना का निर्णय अत्याधिक महत्वपूर्ण है । इन अदालतों के सूझ-बूझ भरे फैसले किसी भी टूटते हुए परिवार की शांति को नया जीवन प्रदान कर सकते हैं । इन अदालतों के मामले-मुकदमे तूल पकड़ने से पहले ही सुलझा दिए जाएँगे । आपसी विचार-विमर्श और समझौते का भाव प्रबल हो सकेगा तथा कानूनी दाँव-पेंचों की दुर्दशा से परिवारों की रक्षा हो सकेगी । न्यायालय के बढ़ते हुए खर्च से भी लोग राहत पा सकेंगे, साथ ही सरकारी न्यायालयों पर काम का बोझ कम हो सकेगा और आम जनता को समय पर न्याय मिल सकेगा ।<br>पारिवारिक अदालतें विश्व के अनेक देशों में अच्छा काम कर रही है । ब्रिटेन, जापान, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों में इन अदालतों ने समाज को काफी लाभ पहुँचाया है । भारत में अभी इनकी शुरूआत हुई है तथा इनकी सफलता के प्रति काफी आशाएँ हैं । भारत में पारिवारिक अदालतों की नितांत आवश्यकता है, क्योंकि इस देश की बहुसंख्यक जनता अशिक्षित, निर्धन तथा समस्याओं से ग्रस्त है । | |
| १) | समाज में असुरक्षा, अन्याय, अनाचार बढ़ने के कारण है ।<br>क) अशिक्षा और निर्धनता। ख) ऊँच-नीच का भेदभाव ।<br>ग) आए दिन पैदा होने वाली समस्याएँ । घ) धनी और ताकतवर लोगों के प्रभाव । | १ |
| २) | पारिवारिक अदालतों के बारे में सच नहीं है ------<br>क) इनके फैसलों में अधिक समय नहीं लगता ।<br>ख) इनके मामले परिवार में ही निपटा दिए जाते हैं ।<br>ग) इनमें धन का व्यय कम होता है ।<br>घ) इनके फैसले टूटते परिवारों को जोड़ सकते हैं । | १ |
| | | |

SHIKSHA CLASSES, BHANDARA

| | | |
|---|---|---|
| ३) | इन अदालतों से कौन-सा भाव प्रबल हो सकेगा?<br>क) आपसी विचार-विमर्श और समझौते का ।<br>ख) कानूनी दाँव-पेंच का ।<br>ग) सरकारी न्यायालयों पर काम के दबाव का ।<br>घ) जनता की सहनशीलता का । | १ |
| ४) | 'तूल पकड़ना' मुहावरे का अर्थ है ।<br>क) बात फैल जाना । ख) बात बन जाना ।<br>ग) बात बिगड़ जाना। घ) बात बढ़ जाना । | १ |
| ५) | भारत में पारिवारिक अदालतों की नितांत आवश्यकता है क्योंकि ------<br>क) अन्य न्यायालयों में काम कम होता है ।<br>ख) समाज में समस्याएँ बहुत है ।<br>ग) न्यायालयों में कानूनी दाँव-पेंच अधिक है ।<br>घ) जनता अशिक्षित, निर्धन और समस्याग्रस्त है | १ |
| **प्र.३** | **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।** | **१ × ४=४** |
| १) | <u>बड़े भाई</u> साहब स्वभाव से अध्ययनशील थे । रेखांकित पद ------ है ।<br>क) संज्ञा पद ख) सर्वनाम पद<br>ग) विशेषण पद घ) क्रिया पद | १ |
| २) | 'बच्चें नानी से जादूगर की कहानी सुनते है ।' वाक्य में क्रिया पदबंध है ।<br>क) बच्चे नानी से ख) नानी से<br>ग) की कहानी घ) सुनते है | १ |
| ३) | जब एक से अधिक पद परस्पर मिलकर वाक्य में एक व्याकरणिक इकाई का कार्य करते हैं तो उसे ------ कहते है ।<br>क) पद ख) क्रिया ग) मुख्यपद घ) पदबंध | १ |
| ४) | वाक्य ------ बनते है ।<br>क) स्वरों से ख) व्यंजनों से ग) शब्दों से घ) पदों सें | १ |
| ५) | पदबंध के ------- भेद होते है ।<br>क) तीन ख) चार ग) पाँच घ) छह | १ |
| **प्र.४** | **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।** | **१ × ४=४** |
| १) | यदि कागज होता तो राधा अवश्य पढ़ती ।<br>रचना की दृष्टि से वाक्य किस भेद का उदाहरण है ?<br>क) सरल वाक्य ख) संयुक्त वाक्य<br>ग) मिश्र वाक्य घ) सामान्य वाक्य | १ |
| | | |

SHIKSHA CLASSES, BHANDARA

| | | |
|---|---|---|
| २) | 'नमन घर आया, उसने पिता को देखा' वाक्य का संयुक्त रूपांतर क्या होगा?<br>क) नमन घर आया और उसने पिता को देखा ।<br>ख) नमन ने घर जाकर पिता को देखा ।<br>ग) क्योंकि नमन घर आया अत: उसने पिता को देखा ।<br>घ) नमन घर आया, क्योंकि उसे पिता को देखना था । | १ |
| ३) | नीचे लिखे वाक्यों में मिश्र वाक्य कों छाँटिए ।<br>क) वह बाज़ार से पुस्तक खरीद लाया ।<br>ख) उसने जैसे ही पान खाया, वैसे ही चकरा कर गिर पड़ा ।<br>ग) उसने मुझे देखा और खिसक गया ।<br>घ) उसके आने पर तुम छीप जाना । | १ |
| ४) | नीचे लिखे वाक्यों में से संयुक्त वाक्य छाँटिए ।<br>क) राहुल आकर चला गया । ख) जो कमाएगा वह खाएगा ।<br>ग) मोहित ने जो कार्ड छपवाए, वे शादी के लिए थे ।<br>घ) मैं युरोप जाऊँगा और वहाँ के प्रसिद्ध ऐतिहासिक जगह देखूँगा । | १ |
| ५) | मिश्र वाक्य को संयुक्त वाक्य या संयुक्त वाक्य को सरल में बदलना, ये क्रिया कहलाती है ।<br>क) वाक्य निर्माण ख) वाक्य रूपांतरण<br>ग) वाक्य प्रक्रिया घ) वाक्य संश्लेषण | १ |
| **प्र.५** | **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।** | **१ × ४=४** |
| १) | निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए ।<br>i) युद्धभूमि i) तत्पुरूष समास<br>ii) तिरंगा ii) द्वंद्व समास<br>iii) भाई-बहन iii) द्विगु समास<br>iv) प्रतिदिन iv) अव्ययीभाव समास<br>उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सुमेलित है ।<br>क) iii और iv ख) i और iii<br>ग) i और iv घ) ii और iv | १ |
| २) | 'पीतांबर' शब्द का समास विग्रह कीजिए ।<br>क) पीला रूपी अंबर ख) पीत है जो अंबर<br>ग) पीले अंबर का समूह घ) पीला है जिसका अंबर | १ |
| ३) | 'व्यवहार में कुशल' शब्द का समस्त पद क्या होगा ?<br>क) व्यावहारिक ख) व्यवहार्य<br>ग) व्यवहारकुशल घ) व्यवहार करना | १ |
| ४) | 'अंशुमाली' शब्द का सही विग्रह व समास का चयन कीजिए ।<br>क) अंशु है जो माला - कर्मधारय ख) अंशु रूपी माला का समूह - द्विगु<br>ग) अंशु है माला जिनकी (सूर्य) - बहुव्रीहि<br>घ) अंशु की माला - संबंध तत्पुरूष | १ |
| | | |

SHIKSHA CLASSES, BHANDARA

| | | |
|---|---|---|
| ५) | 'प्रेमासक्ति' शब्द का समास विग्रह है ।<br>क) प्रेम में आसक्ति     ख) प्रेम की आसक्ति<br>ग) प्रेम के लिए आसक्ति     घ) प्रेम है जो आसक्ति | १ |
| **प्र.६** | **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित निम्नलिखित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों मे से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** | **१ × ४=४** |
| १) | 'साये से भागना' मुहावरे का अर्थ है ।<br>क) बहुत अलग दूर रहना     ख) आश्चर्यचकित होकर खड़ा रहना<br>ग) चौकन्ना हो जाना     घ) बदल जाना | १ |
| २) | 'मैं अपने मित्र की सुबह से ------ हूँ ।<br>उचित मुहावरे से रिक्त स्थान भरिए ।<br>क) बाट जोह रहा     ख) आँखे बिछाए बैठना<br>ग) एकटक निहारन     घ) दुआ माँगना । | १ |
| ३) | मानस पर विश्वास करना ही सही है । क्योंकि वह तो ------ है ।<br>उचित मुहावरे से रिक्त स्थान भरिए ।<br>क) थोथा चना बाजे घना     ख) तेली का तेल<br>ग) थाली का बैंगन     घ) यथा नाम तथा गुण | १ |
| ४) | पढ़ाई में मेहनत करके मैं ------ हो सकता हूँ ।<br>उचित मुहावरों से रिक्त स्थान भरिए ।<br>क) अंधों में काना राजा     ख) एक पंथ दो काज<br>ग) अपना हाथ जगन्नाथ     घ) पैरों पर खड़ा | १ |
| ५) | 'अत्याधिक दुःखी होना' अर्थ के लिए प्रयुक्त मुहावरा है ।<br>क) कड़वे घूँट पीना     ख) आप खोना<br>ग) अकल पर पत्थर पड़ना     घ) कलेजा मुँह को आना | १ |
| ६) | 'अयोग्य को कोई महत्त्वपूर्ण वस्तु मिलना' के लिए उपयुक्त मुहावरा है ।<br>क) दाँतो तले उँगली दबाना ।     ख) अंधे के हाथ बटेर लगना ।<br>ग) अंधे की लाठी बनना     घ) मोह-माया के बंधन में बंधना । | १ |
| **प्र.७** | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्पों का चयन कीजिए ।** | **५ × १=५** |
| | गिरि का गौरव गाकर झर-झर<br>मद में नस-नस उत्तेजित कर<br>मोती की लड़ियों-से सुंदर<br>झरते हैं झाग भरे निर्झर! | |

SHIKSHA CLASSES BHANDARA

| | | |
|---|---|---|
| | गिरिवर के उर से उठ-उठ कर<br>उच्चाकांक्षाओं से तरुवर<br>हैं झाँक रहे नीरव नभ पर<br>अनिमेष, अटल, कुछ चिंतापर ।<br>उड़ गया, अचानक लो, भूधर<br>फड़का अपार पारद के पर!<br>रव-शेष रह गए हैं निर्झर!<br>है टूट पड़ा भू पर अंबर!<br>धँस गए धरा में सभय शाल!<br>उठ रहा धुआँ, जल गया ताल!<br>यों जलद-यान में विचर-विचर<br>था इंद्र खेलता इंद्रजाल! | |
| १) | ऊँचे वृक्ष किस बात को प्रतिबिंबित करते हैं?<br>क) शांति को     ख) ऊँचे लक्ष्य को<br>ग) सभी     घ) मन की शांति को | १ |
| २) | शाल के वृक्ष धरती मे क्यों धँस गए?<br>क) धरती के हिलने से     ख) धरती के घूमने से<br>ग) भयानक रूप से     घ) वर्षा के भयानक रूप से डर कर | १ |
| ३) | झरने किसके गौरव का गान कर रहे हैं?<br>क) पर्वत का     ख) पर्वत की ऊँचाई का<br>ग) पर्वत की उच्चता और महानता का     घ) पर्वत की उच्चता | १ |
| ४) | आकांक्षाओं को पाने के लिये किसकी आवश्यकता है?<br>क) शांत मन और चित्त की एकाग्रता की।     ख) एकाग्रता की<br>ग) शांति की     घ) ईश्वर की | १ |
| ५) | पावस ऋतु में प्रकृति में कौन-कौन से परिवर्तन आते है ?<br>क) बहते हुए झरने मोतियों की लड़ी जैसे लगते है<br>ख) बहुत सारे फूल खिलते है ।<br>ग) बादल आकर्षक लगते हैं ।     घ) सभी | १ |
| **प्र.८** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए ।** | **१ × २=२** |
| १) | संत कबीर के अनुसार राम कहाँ बसते है?<br>क) पूजा स्थलों मे     ख) प्रत्येक मनुष्य के मन में<br>ग) उन पर राम-नाम लिखे वस्त्र धारण कर     घ) धोखे और पाखंड में | १ |
| २) | अपने पदों के माध्यम से मीराने कृष्ण की किस विशेषता का चित्रण किया है ?<br>क) भक्त वत्सलता     ख) गुलामी<br>ग) प्रभुत्व     घ) उपर्युक्त तीनों का | १ |
| | | |

SHIKSHACLASSES, BHANDARA

| | | |
|---|---|---|
| प्र.९ | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्पों का चयन कीजिए।** | **१×५=५** |
| | सदियों पूर्व, जब लिटिल अंदमान और कार-निकोबार आपस में जुड़े हुए थे तब वहाँ एक सुंदर-सा गाँव था। पास में एक सुंदर और शक्तिशाली युवक रहा करता था। उसका नाम था तताँरा। निकोबारी उसे बेहद प्रेम करते थे। तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था। सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहता। अपने गाँववालों को ही नहीं, अपितु समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना अपना परम कर्तव्य समझता था। उसके इस त्याग की वजह से वह चर्चित था। सभी उसका आदर करते। वक्त मुसीबत में उसे स्मरण करते और वह भागा-भागा वहाँ पहूँच जाता। दूसरे गाँवों में भी पर्व-त्योहारों के समय उसे विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता। उसका व्यक्तित्व तो आकर्षक था ही, साथ ही आत्मीय स्वभाव की वजह से लोग उसके करीब रहना चाहते। पारंपारिक पोशाक के साथ वह अपनी कमर में सदैव एक लकड़ी की तलवार बाँधे रहता। लोगों का मत था, बावजूद लकड़ी की होने पर, उस तलवार में अद्भुत दैवीय शक्ति थी। तताँरा अपनी तलवार को कभी अलग न होने देता। उसका दूसरों के सामने उपयोग भी न करता। किंतु उसके चर्चित साहसिक कारनामों के कारण लोग-बाग तलवार में अद्भुत शक्ति का होना मानते थे। तताँरा की तलवार विलक्षण रहस्य थी। | |
| १) | 'तताँरा-वामीरो' कहाँ की कथा है?<br>क) कार-निकोबार ख) अंदमान<br>ग) लक्षद्वीप घ) इनमें से कोई नही | १ |
| २) | तताँरा की तलवार के बारे में लोगों का क्या मत था?<br>क) तलवार में अद्भुत दैवीय शक्ति थी। ख) तलवार बहुत सुंदर थी।<br>ग) तलवार किसी जादूगर की थी । घ) तलवार का तताँरा असली मालिक नहीं था। | १ |
| ३) | निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।<br>**कथन (A) :** तताँरा को आस-पास के लोग पसंद करते थे ।<br>**कारण (R) :** तताँरा एक नेक और मद्दगार व्यक्ति था ।<br>क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है ।<br>ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है ।<br>ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है ।<br>घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है । | १ |
| ४) | यह किसकी कथा है?<br>क) तताँरा नामक युवक और वामीरा नामक युवती की प्रेम कथा है ।<br>ख) प्रेरक कथा<br>ग) लोक कथा घ) कोई नहीं | १ |
| ५) | तताँरा वामीरो कथा के लेखक कौन हैं?<br>क) श्री लीलाधर मंडलोई ख) श्री प्रेमचंद<br>ग) प्रल्हाद अग्रवाल घ) कोई नहीं | १ |
| | | |

SHIKSHA CLASSES, BHANDARA

| | | |
|---|---|---|
| **प्र.१०** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए ।** | **१×२=२** |
| १) | निम्नलिखित में से कौन से वाक्य 'बड़े भाई साहब' कहानी से प्राप्त प्रेरणा को दर्शाते है?<br>१) कथनी और करनी का अंतर हमारी स्थिति को हास्यास्पद बना सकता है ।<br>२) पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी छात्र जीवन के आवश्यक अंग है ।<br>३) केवल परिक्षा से पहले ध्यान लगाकर पढ़ लेने से प्रथम आ सकते हैं ।<br>४) बड़े भाई साहब ज्ञान की बातें लेखक को आसानी से समझा देते हैं ।<br>क) केवल १      ख) १ और २<br>ग) केवल ४      घ) २, ३, ४ | |
| २) | सआदत अली को अवध के तख्त पर बिठाने के पीछे कर्नल का उद्देश्य था ।<br>क) अपने परम मित्र सआदत अली की हर संभव सहायता करना ।<br>ख) जाँबाज योद्धा के रूप में मित्र सआदत अली को प्रसिद्ध करना ।<br>ग) कंपनी के वकील का कत्ल करवाने के लिए मिलकर षड़यंत्र रचना ।<br>घ) अप्रत्यक्ष रूप से अवध पर कंपनी का अधिपत्य स्थापित करना । | |
| | **खंड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)** | |
| **प्र.११** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग ६० शब्दों मे लिखिए ।** | **३×२=६** |
| १) | आजादी के संघर्ष में विद्यार्थियों और स्त्री समाज की क्या भूमिका थी ? | २ |
| २) | रूढ़ियाँ और बंधन जब बोझ बनने लगें तब उनका टूट जाना ही अच्छा है ? क्यो ? स्पष्ट कीजिए । | २ |
| ३) | फ़िल्म निर्माता के रूप में शैलेंद्र की विशषताओं पर प्रकाश डालिए । | २ |
| **प्र.१२** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग ६० शब्दों मे लिखिए ।** | **३×२=६** |
| १) | आपके द्वारा इस पाठ्यक्रम में पढ़ी गई मनुष्यता कविता की अंतिम पंक्तियाँ आपको सर्वाधिक प्रभावित करती है । क्यों ? लगभग ६० शब्दों में व्यक्त कीजिए । | ३ |
| २) | 'कबीर' की भक्ति की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । | ३ |
| ३) | 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर वर्षा के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए । | ३ |
| **प्र.१३** | **निम्नलिखित प्रश्नो में से किन्ही दो प्रश्नो के उत्तर लगभग ६० शब्दों में लिखिए।** | **३×२=६** |
| १) | सभी रिश्तों की बुनियाद प्रेम न होकर धन - दौलत है इस कथन की पुष्टि 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर कीजिए। | ३ |
| २) | महंत और भाई हरिहर काका को एक से लगते है ? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । | ३ |
| ३) | विद्यार्थियों को अनुशासन में रखने के लिए पाठ 'सपनों के से दिन' में अपनाई गई युक्तियों और वर्तमान में स्वीकृत मान्यताओं के संबंध में विचार प्रकट कीजिए । | ३ |

SHIKSHA CLASSES, BHANDARA

| | | |
|---|---|---|
| **प्र.१४** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग १०० शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए ।** | **५×१=५** |
| **क)** | **कंप्यूटर :** आज की जरूरत * कंप्यूटर क्या है? * भारत में कंप्यूटर - इसका उपयोग तथा इसके लाभ। * दैनिक जीवन में कंप्युटर। | |
| **ख)** | **राष्ट्रीय एकता की आवश्यकता**<br>* उन्नति के लिए एकता आवश्यक * विविधता - भारत की कमजोरी<br>* भारत की एकता के तत्व * एकता बनाने मे साहित्य की भूमिका<br>* जनता की जागरूकता | |
| **ग)** | **मेरे सपनों का भारत**<br>* भारत के बारे में मेरी कल्पना * उन्नत भारत की चाह * भ्रष्टाचार मुक्त भारत<br>* सुनियोजित भारत * सुखी समृद्ध भारत * एकता का संचार | |
| **प्र.१५** | प्रधानाचार्य को छात्रवृति के लिए आवेदन पत्र १०० शब्दों में लिखिए ।<br>**अथवा**<br>कक्षा के प्रतिनिधि होने के नाते गणित विषय को बेहतर करने के लिए कक्षा की तरफ से गणित विषय के लिए अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था के लिए प्रधानाचार्य को पत्र १०० शब्दों में लिखिए । | **५×१=५** |
| **प्र.१६** | आप संभाजी इंटर नॅशनल स्कूल, औरंगाबाद के प्राचार्य की और से विद्यार्थियों के लिए सूचना ८० शब्दों में लिखिए । जिसमें सर्दियो की छुट्टियों में दिल्ली - भ्रमण के आयोजन के लिए दिन, समय, और संपर्क की जानकारी दी गई हो ।<br>**अथवा**<br>आप विद्यालय के छात्र संघ के सचिव हैं । विद्यालय में मोबाईल निषेध है । इससे संबंधित सूचना जारी करते हुए ८० शब्दों में सूचना तैयार कीजिए । | **४×१=४** |
| **प्र.१७** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग ६० शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए ।** | **३×१=३** |
| | आप एक पुरानी कार बेचना चाहते है । कार का विवरण देते हुए ६० शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।<br>**अथवा**<br>स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा योग दिवस के अवसर पर प्रचार प्रसार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन ६० शब्दों में तैयार कीजिए । | |
| **प्र.१८** | 'यदि में पंछी होता' विषय पर १०० शब्दों में एक लघुकथा का लेखन कीजिए।<br>**अथवा**<br>आप नमन आहुजा/नचिकेता आहुजा हैं आप वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदी की उपयोगिता जानते है इसलिए ग्यारहवी में अन्य विषयों के साथ हिंदी अतिरिक्त विषय के रूप में पढ़ना चाहते है । अपने प्रधानाचार्य को विद्यालय के ईमेल पते पर ईमेल १०० शब्दों में लिखकर अनुमति प्राप्त कीजिए। | **५×१=५** |
| | * * * | |

SHIKSHA CLASSES, BHANDARA


BECOME AN ACE IN JEE & NEET
SHIKSHA CLASSES
Believe & Achieve
JEE | NEET | Previse (8-10)
8625055707 | 8623085707
shikshaclasses.co.in
M-19, MHADA Colony, Khat Road, Bhandara
Learn with Jaiswal sir